# 3 दिन से लगातार बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## सीजन में 30 .19 इंच बारिश दर्ज, सामान्य से 4 .65 इंच अधिक , बड़े तालाब का जलस्तर 1663 .10 फीट पहुंचा







नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 11 अगस्त. राजधानी में बारिश का दौर तीन दिन से लगातार जारी है. पिछले 24 घंटे में बैरागढ़ में 0.28 इंच और भोपाल शहर में 1.02 इंच बारिश दर्ज की गई है. अभी तक पूरे बारिश के सीजन में 30.19 इंच बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 4.65 इंच अधिक है. लगातार बारिश से जहां दो दिनों से स्कूलों में अवकाश घोषित किया जा चुका है, वहीं लोगों का दैनिक जीवन भी प्रभावित हुआ है. छोटे कारोबारी, जैसे हाथ ठेले से व्यापार करने वाले, सब्जी विक्रेता और फेरी वाले भी प्रभावित हुए हैं.**

शहर में प्रमुख मार्गों और कॉलोनियों की सड़कों पर जलभराव की शिकायतें आई हैं. कुछ कॉम्प्लेक्स और शोरूम के बेसमेंट में भी पानी भर गया, जिसे नगर निगम के आपदा प्रबंधन दल द्वारा मोटर लगाकर निकाला गया. मंगलवार को बारिश का दौर पूरे दिन जारी रहा. हालांकि शहर की स्लम बस्तियों या कॉलोनियों में किसी तरह के जलभराव की जानकारी नहीं मिली. निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोग जलभराव की आशंका को लेकर चिंतित रहे और अपने घरों में ही रहे. बारिश की गति धीमी रहने के कारण स्थिति नियंत्रण में रही. यदि बारिश तेज होती तो शहर के स्लम क्षेत्रों में जलभराव की संभावना थी.

### 8 क्षेत्रों में पंप से निकाला पानी

लगातार हो रही बारिश का असर कुछ शोरूम और शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों पर जरूर दिखाई दिया. मंगलवार को न्यू मार्केट के सबवे में पानी भर गया, जिससे वहां की दुकानों में नुकसान हुआ. यहां मोटर लगाकर पानी निकाला जा रहा है. वहीं, न्यू मार्केट स्थित स्मार्ट पार्किंग भवन के बेसमेंट में भी पानी भर गया, जिसे देर शाम तक निकाला जा सका.चार इमली स्थित नेक्सा शोरूम, पुराने शहर के हमीदिया रोड स्थित भोपाल प्लाजा और उसके बी ब्लॉक, गुलमोहर कॉलोनी के शिवाय कॉम्प्लेक्स, छोला रोड भानपुर स्थित एफसीआई कॉम्प्लेक्स और अयोध्या बायपास स्थित लक्ष्मी विहार कॉलोनी में भी जलभराव हुआ. यहां नगर निगम को मोटर लगानी पड़ी. मोटर पूरी रात लगातार चलने के बाद शाम तक पानी निकाला जा सका. कुछ स्थानों पर अभी भी मोटर से पानी निकाला जा रहा है.

लगातार हो रही बारिश से लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए हैं. शहर की कॉलोनियों के घरों में तो जलभराव की समस्या सामने नहीं आई, लेकिन मुख्य मार्गों और कॉलोनियों की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रही. सूरज नगर, पीएचक्यू, वीआईपी रोड, कंट्रोल रूम, प्रेस कॉम्प्लेक्स, पॉलिटेक्निक, बाणगंगा सहित कई क्षेत्रों की सड़कों पर पानी भरा देखा गया. इससे लोगों को पैदल निकलने में परेशानी हुई.

### भोपाल जिले में आज स्कूलों में छुट्टी रहेगी

जिले में अतिवृष्टि को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को आदेश जारी किया है. आदेश के अनुसार जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और मान्यता प्राप्त स्कूलों में 12 अगस्त को विद्यार्थियों के लिए अवकाश रहेगा. हालांकि सभी शिक्षक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारी निर्धारित स्कूल समय में कार्यालय में उपस्थित रहेंगे. स्कूल आवश्यकता के अनुसार ऑनलाइन/वर्चुअल कक्षाएं संचालित कर सकेंगे. आदेश में कहा गया है कि अत्याधिक बारिश, बाढ़, मार्ग अवरुद्ध होने या नदी-नालों के कारण जिन स्कूलों तक पहुंचना संभव नहीं है, वहां कर्मचारियों को उपस्थिति के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा.

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने हुजूर तहसील अंतर्गत ईंटखेड़ी सड़क एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने ईंटखेड़ी पुल पर आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए दोनों तरफ रेडियम संकेतक और लाइटें लगाने के निर्देश दिए, ताकि बारिश और रात के समय संभावित हादसों से बचा जा सके. इसके साथ ही उन्होंने आपदा मित्र एवं सिविल डिफेंस को सतर्क रहने के निर्देश दिए. इस दौरान एसडीएम विनोद सोनकिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

### कलेक्टर ने बैरसिया मार्ग का किया निरीक्षण


भोपाल-बैरसिया मार्ग पर हादसों पर अंकुश लगाने के लिए रोड मार्किंग, दिशा-सूचक साइन बोर्ड और रंबल स्ट्रिप्स लगाने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया. कलेक्टर ने संबंधित विभागों को इन कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला ने शहर के लिए प्रभावी ट्रैफिक मैनेजमेंट की रूपरेखा प्रस्तुत की. बैठक में मानसून के दौरान सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समाधान पर जोर दिया गया.

### पिकनिक स्पॉट पर फंसे 7 युवक, सुरक्षित निकाला



तेज बारिश के बीच फाटापान स्थित बाबाझिरी पिकनिक स्पॉट पर सात युवक पानी के तेज बहाव के कारण एक टीले पर फंस गए. सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से संयुक्त अभियान चलाकर सभी युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. सभी युवक स्वस्थ बताए गए हैं .जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पुराने भोपाल के सात युवक पिकनिक मनाने के लिए कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र के फाटापान स्थित बाबाझिरी पिकनिक स्पॉट पहुंचे थे .दोपहर करीब तीन बजे क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हो गई. पहाड़ी क्षेत्र से पानी उतरने के कारण पिकनिक स्पॉट के आसपास अचानक पानी का बहाव तेज हो गया. इससे युवक वापस लौटने के रास्ते में फंस गए और जान बचाने के लिए एक टीले पर चले गए.




### प्रशासन को नहीं है जानकारी

मंगलवार को हो रही बारिश को लेकर आपदा प्रबंधन प्रभारी एडीएम रवीश श्रीवास्तव से जानकारी ली गई. उन्होंने बताया कि अभी तक कहीं से भी जलभराव या अन्य किसी समस्या की सूचना नहीं मिली है। बारिश जारी है, इसलिए देर रात कोई शिकायत मिल सकती है. वहीं, नगर निगम के फायर सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन विभाग से जानकारी ली गई तो बताया गया कि बारिश की गति धीमी रहने से जलभराव की स्थिति नहीं बनी थी. पूरे दिन कोई शिकायत नहीं आई, लेकिन शाम को शिकायतें आना शुरू हो गईं. अभी तक आठ शिकायतें आई हैं. इनमें घरों या बस्तियों में पानी भरने की शिकायत नहीं मिली है.

### सीएम हाउस सड़क से करना पड़ा ट्रैफिक डायवर्ट

रात करीब 9 बजे किलोल पार्क पेट्रोल पंप के सामने मुख्य सड़क पर करीब तीन फीट पानी का तेज बहाव होने के कारण यातायात को डायवर्ट करना पड़ा. पानी का बहाव इतना अधिक था कि वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा. प्रभारी डीसीपी ट्रैफिक बसंत कौल ने बताया कि किलोल पार्क के सामने मुख्य सड़क पर पानी का तेज बहाव होने के कारण यातायात को सीएम हाउस की तरफ जाने वाले मार्ग पर डायवर्ट किया गया. पुलिस ने मौके की स्थिति को देखते हुए वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो. बाणगंगा चौराहा और डिपो चौराहा के पास भी सड़क पर पानी भर गया .प्रोफेसर कॉलोनी में छोटे तालाब से लगी सड़क मंगलवार रात पानी के लबालब हो गई. कई मकानों में पानी भर गया. वकील निजामउद्दीन के घर में भी पानी भर गया.

### बड़े तालाब सहित तीनों डेमों में बढ़ा जलस्तर

तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से मंगलवार तक कुल 7 इंच वर्षा दर्ज की गई है. इसके चलते बड़े तालाब का जलस्तर 1659 .50 से बढ़कर 1663 .10 फीट हो गया है. इस प्रकार बड़े तालाब में 1000 एमसीएफटी पानी का संग्रहण हुआ है. इसी प्रकार कोलार डेम में भी लगभग 1 मीटर जलस्तर में वृद्धि हुई है. यहां जलस्तर 456 .36 मीटर हो गया है. वहीं, केरवा डेम में भी लगभग 9 फीट जलस्तर में वृद्धि हुई है. अब इसका जलस्तर 1660 .36 फीट हो गया है.

---

## बायो मेडिकल वेस्ट मिलाने पर अस्पताल पर 50 हजार का जुर्माना

**भोपाल.** नगर निगम ने कचरा प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करने पर वार्ड क्रमांक 68, राजीव नगर स्थित बालाजी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है. अस्पताल पर गीले कचरे के साथ बायो मेडिकल वेस्ट मिलाकर कचरा वाहन को देने का आरोप है. निगम अधिकारियों ने मंगलवार को गोविंदपुरा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया. वहां कचरे में बायो मेडिकल वेस्ट मिलने के बाद करीब तीन घंटे की जांच में संबंधित अस्पताल की पहचान की गई. अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर कचरे की पुष्टि कराई और नियमों के तहत चालानी कार्रवाई की.

## साइबर ठगी के पांच मामलों में 4 लाख रुपए की चपत

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 11 अगस्त.राजधानी में साइबर ठगी के पांच अलग-अलग मामलों में ठगों ने करीब 2.29 लाख रुपये की रकम पर हाथ साफ कर दिया. रेलवे कॉलोनी निशातपुरा निवासी अमर सिंह मीणा (39) से ऑनलाइन स्कैम के जरिए 25 हजार रुपये की ठगी हुई.**

वहीं, सुनील सिंह कुशवाहा (44) ने सॉफ्टवेयर कंपनी के माध्यम से एल्गो ट्रेडिंग के नाम पर ठगी की शिकायत की. कंपनी ने मुनाफे का झांसा देकर उनसे 1.09 लाख रुपये लिए. साथ ही एंजल वन खाते की एपीआई-की, टीओटीपी और ओटीपी भी लिए गए. बाद में खाते में बड़े नुकसान होने पर उन्हें धोखाधड़ी का शक हुआ. श्रीराम सेन (55) के क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति 39 हजार रुपये के तीन लेन-देन किए गए. वहीं अजय सिंह (35) के बैंक खाते से बिना अनुमति पहले 8 हजार और फिर 30 हजार रुपये कट गए. स्टेशन बजरिया पुलिस चारों मामलों में पुलिस बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और लेन-देन की जानकारी के आधार पर जांच कर रही है.उधर, एम्स कर्मचारी अजीत गिरी से क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देकर 1 लाख 74 हजार रुपए ठग लिए.

## हनीट्रैप में फंसाकर वसूले 85 हजार

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 11 अगस्त. पिपलानी थाना क्षेत्र में हनीट्रैप और अड़ीबाजी का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पहचान की युवती के बुलाने पर होटल पहुंचे 34 वर्षीय युवक को फर्जी पुलिसकर्मी बनकर पहुंचे बदमाशों ने धमकाया और उससे 85 हजार रुपये वसूल लिए.**

आरोपियों ने युवक की वीडियोग्राफी भी की और पुलिस केस में फंसाने की धमकी दी. मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक आरोपी फरार है. वहीं, युवक पर भी पाक्सो के तहत केस दर्ज किया गया है.

### फर्जी पुलिसकर्मी बनकर होटल पहुंचे

एक आरोपी ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और युवक के साथ मारपीट की. आरोपियों ने उसे रेप में फंसाने की धमकी देकर दबाव बनाया. पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान युवक से करीब 65 हजार रुपये यूपीआई और 20 हजार रुपये नकद, कुल 85 हजार रुपये लिए गए. पुलिस ने मामले में कमला पार्क तलैया निवासी 35 वर्षीय अबूजर, बैरसिया निवासी 35 वर्षीय रघुवीर सिंह और जवाहर चौक निवासी 40 वर्षीय करुणा शाही को गिरफ्तार किया है.

पुलिस का कहना है होटल में जिस लड़की से मिला वह नाबालिग थी. पुलिस के अनुसार, युवक निजी कंपनी में सेल्स का काम करता है. 5 अगस्त को उसकी पहचान की एक युवती ने थिएटर हाउस होटल में मिलने बुलाया था. युवक शाम करीब छह बजे होटल पहुंचा. थोड़ी देर बाद युवती एक अन्य नाबालिग लड़की के साथ वहां पहुंची. दोनों के बीच बातचीत के बाद खाने का ऑर्डर किया गया. इसी दौरान कमरे का दरवाजा खटखटाया गया. दरवाजा खुलते ही एक महिला समेत चार लोग अंदर घुस आए और मोबाइल से वीडियोग्राफी शुरू कर दी. महिला ने युवती की मां होने का दावा करते हुए युवक को धमकाया.

## पुलिस दूरसंचार के कर्मचारियों को पदोन्नति पर आपत्ति जताई

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 11 अगस्त. मध्यप्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में सहायक उप निरीक्षक (रेडियो) पद पर वर्ष 2026 में हुई पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आया है. पदोन्नति से प्रभावित 20 कर्मचारियों ने प्रक्रिया में नियमों के पालन और वरिष्ठता निर्धारण को लेकर सवाल उठाते हुए स्पेशल डीजी आदर्श कटियार को आवेदन दिए हैं.**

कर्मचारियों का कहना है कि 1 जनवरी 2014 की आरक्षक (रेडियो) ग्रेडेशन सूची में नामों के सामने मेरिट सूची क्रमांक दर्ज था. वहीं, वर्ष 2015 में आरक्षक (रेडियो) से प्रधान आरक्षक (रेडियो) पद पर पदोन्नति के लिए 19 मई और 30 मई को अलग-अलग आदेश जारी हुए, लेकिन दोनों का कार्यवाही क्रमांक डी-807/15 समान था। इससे दोनों आदेशों के एक ही पदोन्नति कार्यवाही का हिस्सा होने का दावा किया गया है. आवेदन में मप्र लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के नियम 6(8) से 6(12) का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्रवर्गवार चयन सूची के बाद संयुक्त चयन सूची तैयार कर इंटर-से वरिष्ठता निर्धारित की जानी चाहिए.

## कमर्शियल एक्टिविटी पर 400 को नोटिस

**भोपाल.** राजधानी में लगातार निगम आवासीय कालोनी में व्यवसायिक गतिविधियां चलाने वालों पर कार्रवाई करता जा रहा है. इसी क्रम में नगर निगम ने मंगलवार आवासीय भवन में कमर्शियल एक्टिविटी करने पर दो दिन में 400 से ज्यादा लोगों को नोटिस थमाए गए.


नवभारत की प्रति बुक करने के लिए संपर्क करें
आलोक श्रीवास्तव
मो. नं. 9828161600
भूपेंद्र पटवा
मो. नं. 7828549007


## 1000 करोड़ रुपए की सहारा जमीन बेचने की जांच अधूरी

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 11 अगस्त. सहारा समूह की करीब 1000 करोड़ रुपये की बेशकीमती जमीन को कथित तौर पर महज 90 करोड़ रुपये में बेचने के मामले में ईओडब्ल्यू की जांच एक साल बाद भी आगे नहीं बढ़ सकी है.**

25 जुलाई 2025 को एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी आरोपी के बयान दर्ज नहीं किए गए हैं. मामले में तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है. कटनी निवासी आशुतोष मनु दीक्षित की शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज की थी. इसमें सहारा समूह के सीसीएम प्रमुख सिमांतो राय, डिप्टी मैनेजिंग वर्कर जेबी रॉय और सहारा प्राइम सिटी लिमिटेड के डिप्टी मैनेजिंग वर्कर ओपी श्रीवास्तव को आरोपी बनाया गया था. एफआईआर में दर्ज जानकारी के अनुसार सिमांतो राय मुंबई और जेबी रॉय नोएडा से संबंधित हैं, जबकि ओपी श्रीवास्तव लखनऊ निवासी है. वर्तमान में सिमांतो और जेबी रॉय विदेश में बताए जा रहे हैं, जबकि ओपी श्रीवास्तव कोलकाता की अलीपुर जेल में बंद है.


**ईओडब्ल्यू एसपी अरुण मिश्रा ने** कहा कि एफआईआर पिछले साल दर्ज हुई थी और मामले में जांच जारी है. जांच आगे बढ़ने पर जानकारी दी जाएगी.

## 14 अगस्त को मुगालिया हाट में लगेगा शिविर

**भोपाल.** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले के मुंगालिया हाट में जन विश्वास शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा. इसमें 30 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होकर शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे. शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करना है. शिविर में आवेदन और दस्तावेज सत्यापन में सहायता, पेंशन, राशन, पीएम आवास, मनरेगा, स्वच्छ भारत और आयुष्मान भारत सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित मामलों में सहयोग दिया जाएगा. ग्रामीण शिकायत दर्ज कराने के साथ अन्य जनहितकारी सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी ले सकेंगे.

समस्या ▶ जनसुनवाई में 120 आवेदन प्राप्त हुए

## पटवारी के खिलाफ पहुंची जनसुनवाई में शिकायत



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 11 अगस्त. कलेक्टर कार्यालीय में मंगलवार को कलेक्टर के निर्देशन में जनसुनवाई की गई. जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं. इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया.**

जनसुनवाई में आए नागरिकों से 120 आवेदन प्राप्त हुए. एडीएम सुमित पांडेय, महेंद्र कवचे, पीसी शाक्य,प्रकाश नायक ने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया.

जनसुनवाई में राजकुमार शर्मा ने एडीएम सुमित कुमार पाण्डे को बताया कि ग्राम डोबरा स्थित उनके एसएस सेल्स एंड सर्विस पेट्रोल पंप के पास बारिश के पानी की निकासी के लिए बनी ड्रेन पर पड़ोसी उमेद सिंह अहिरवार ने कोपरा, मुरम और बोल्डर डालकर बंद दी है. जिससे पानी नहीं निकल रहा है. वहीं, शासकीय भूमि पर भी अतिक्रमण किया गया है. इससे पेट्रोल पंप परिसर और मुख्य मार्ग पर जलभराव हो रहा है. उन्होंने स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने और ड्रेन की सफाई कर जल निकासी सुचारू कराने की मांग की. एडीएम पांडे ने जल्द निराकरण करने संबंधित को निर्देश दिए.

### भूमाफिया को लाभ पहुंचाने का आरोप

ग्राम खजूरी कला निवासी किसान कुबेर सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में शिकायत की कि पटवारी किशन सिंह पर शासकीय भूमि और नाले के मार्ग में बदलाव कर भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने के आरोप हैं. शिकायतकर्ता के अनुसार, तीरथ शर्मा द्वारा पूर्व में शासकीय नाले की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे प्रशासन ने हटाया था. अब फिर झपीडब्ल्यूडी सड़क किनारे शासकीय भूमि पर बाउंड्री और चादर शेड बनाकर कब्जा किए जाने का आरोप है.